



## एक नजर में

### झाडला में आज हिन्दू सम्मेलन की तैयारी पूर्ण

**झाडला 15 जनवरी, सं.** मंडल झाडला में आज भव्य और विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है. कार्यकर्ता द्वारा घर-घर जाकर पीला चावल देकर न्योता दिया जा रहा है. आयोजन का मुख्य ध्येय हिंदू समाज में समरसता, सामूहिक एकता और राष्ट्रभक्ति की अलख जगाना है. इस सम्मेलन में मंडल झाडला के अलवा आसपास के 12 गाँवो से सर्व हिंदू समाज के सनातन प्रेमी, माताएं-बहनें, मात्र शक्ति और युवा शक्ति सम्मिलित होगी. आयोजन समिति के अनुसार गांव पखरी, खलेली, बिसारती, बरखे?ा डोर, जानुखे?ी, मोयली, छापरी कालां, छापरी छोटी, बड लिया, मानपिछो?ी, काळ्याणपुरा आदि से श्रद्धालु पहुंचेंगे.

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आयोजित

**राजगढ़ 15 जनवरी, का.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय राजगढ़ की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का तीसरा दिन संपन्न हुआ. निर्धारित कार्य योजना और गतिविधियों के साथ गुरूवार को बौद्धिक सत्र में स्वयं सेवकों को समाज सेवा और शोषित वर्ग हेतु जो कार्य किया जा रहा है तथा किया जाना है उसके विषय में स्वयंसेवकों को समझाया वह महत्वपूर्ण बातें बताइए. शिविर अंतर्गत कौन-कौन सी बातें स्वयंसेवक सीख रहे हैं उनसे वार्तालाप कर सुना तथा उसमें और क्या परिवर्तन कर सकते हैं, क्या सीख सकते हैं उनको समझते हुए समाज में कैसे अमली जावा पहनाया जा सकता है इत्यादि बातों के विषय में आपके द्वारा बताया गया. संस्था प्राचार्य डॉ. वी.बी. खरेद्वारा स्वयंसेवकों को सात दिवसीय शिविर के विषय के महत्व पर चर्चा करते हुए स्वयंसेवकों का किस प्रकार से व्यक्तित्व विकास होता है तथा पिछले अनुभवों के विषय में स्वयंसेवकों को बताया. साथ ही साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा बी एवं सी प्रमाण पत्र की परीक्षाओं के महत्व के विषय में बताते हुए उन्होंने बताया की किस प्रकार शासकीय सेवा में चयन होते समय इसके अंको का उपयोग हो सकता आदि बातें बताई। शिविर की परियोजना कार्य के अंतर्गत आज कलीपीठ गोदग्राम में स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई तथा ग्राम वासियों से संपर्क कर चर्चाएं की.

### स्नान एवं दान के साथ उल्लास के साथ मनाई मकर संक्रांति

**पडाना 15 जनवरी, सं.** गुरुवार नगर सहित आसपास ग्रामीण अंचल मऊ पडाना मगराना आशारेटा करौंदी गुलावता तुकोगंज बरुखेडी इत्यादि ग्रामीण अंचलों में मकर संक्रांति के पावन पर्व स्नान एवं दान के साथ मनाया गया. इस अवसर पर मंदिरों पर दर्शनार्थियों की खासी भीड़ जमा हुई. सुबह से ही भक्त स्नान इत्यादि कर घरों पर बने विशेष तिल गुड़ के पकवान को लेकर मंदिरों में भगवान के दर्शन कर तिल गुड़ का प्रसाद चढ़ाया. मकर संक्रांति महिलाओं का विशेष पावन पर्व के अवसर पर समीप ग्राम मऊ में वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वाह करते हुए ग्रामीण जन सहयोग से बजरंग कीर्तन मंडल के तत्वाधान में राजपूत समाज श्री राम मंदिर परिसर में 51 किलो मावे के गुलाब जामुन बनाकर गांव की बहन बेटियों को प्रसाद के रूप में वितरण किया गया.

# 'साख बचाने' करेंगे 66 करोड़ की वसूली

## 140 समितियों में कृषि ऋणों के 7 हजार से अधिक प्रकरणों में कुल 66 करोड़ की राशि की होनी है वसूली

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 15 जनवरी, का. जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजगढ़ द्वारा जिले की सभी तहसीलों में कुल 7 हजार प्रकरणों से वसूली की सूची जारी की है. वसूली कुल 66 करोड़ के लगभग होनी है. इनमें 140 समितियों से कृषि और गैर कृषि ऋणों की बकाया वसूली की जानी है. जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजगढ़ द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार बैंक से संबद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थानों के कालातीत बकायादारों की सूची क्रिय योजना के अंतर्गत वसूली कराए जाने के लिए जारी की गई है. जिला कलेक्टर द्वारा 15 जनवरी को सभी तहसीलदारों को पत्र लिखते हुए वसूली के निर्देश जारी किए है.**

जानकारी के अनुसार प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में कई कृषि और गैर कृषि ऋण धारकों के बकाया लंबे समय से चले आ रहे है. जब तकाजा करने के बाद भी बकाया जमा नहीं कराया गया तब जिला सहकारी बैंक में ने जिले की 140 समितियों के करीब 7 हजार से अधिक प्रकरणों में बकाया की वसूली के लिए कलेक्टर की अनुमति के बाद मुहिम चलाने का निर्णय लिया है. संभवत: मार्च के वित्तीय वर्ष के अंत तक यह वूसली प्रभावी तरीके से की जाएगी. यह बड़े राजस्व को दर्ज करेगी.




### तहसीलवार बकाया प्रकरणों की संख्या

| तहसील का नाम | कृषि ऋण प्रकरण | बैंकिंग गैर कृषि ऋण |
|---|---|---|
| खिलचीपुर | 15 | 38 |
| खुजनेर | 6 | - |
| जीरापुर | 29 | 8 |
| नरसिंहगढ़ | 26 | 40 |
| पचोर | 15 | - |
| ब्यावरा | 13 | 38 |
| राजगढ़ | 8 | 12 |
| सारंगपुर | 24 | 16 |
| सुठालिया | 13 | - |

### कलेक्टर ने तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को दिए निर्देश

कलेक्टर द्वारा पत्र के तहत निर्देश जारी करते हुए तहसीलदार राजगढ़, ब्यावरा, सुठालिया, पचोर, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, खुजनेर, जीरापुर और खिलचीपुर के साथ ही नायब तहसीलदार टप्पा कुरावर, बोड़ा, तलेन, छापीहेड़ा और माचलपुर को वसूली की कार्यवाही के लिए निर्देश जारी किए गए है. ये सभी बकाया 30 जून 2025 की स्थिति में है. इनमें बैंक स्तर के गैर कृषि ऋणों में 3 हजार 5 सौ से अधिक और कृषि ऋणों में 3 हजार 4 सौ से अधिक प्रकरणों में बकाया वसूली की कार्यवाही होगी.

### कृषि ऋणों में 32 और बैंक के ऋणों में 34 करोड़ बकाया

बैंक स्तर के अकृषि ऋणों के कुल 3580 प्रकरणों में 34 करोड़ 99 लाख रूपए की राशि का बकाया की वसूली होगी. वहीं कृषि ऋणों के अंतर्गत जिले की 140 समितियों में दर्ज 3428 प्रकरणों में कुल 32 करोड़ रूपए की बकाया की वसूली की जानी है. सर्वाधिक बकाया सारंगपुर में 8 करोड़ के लगभग बताया गया है.



# लाइन चैकिंग में लापरवाही सप्लाई हो रहा मटमैला पानी

नवभारत न्यूज

**पडाना 15 जनवरी, सं.** करोड़ों की लागत के बाद भी लोगों को साफ पानी नहीं मिल पा रहा है. कुंडलिया डैम परियोजना अंतर्गत पडाना नगर के 7-8 किलोमीटर के दायरे में डाली गई शुद्ध जल मुहैया करने वाली पानी की लाइन से विगत एक सप्ताह नल कनेक्शनधारीयो को 10 मिनट तक मटमेला पानी मिलता रहा. दो माह से टंकी की वाशिंग नहीं की गई है. 8 दिन पहले अधिकारियों के समक्ष नल लाईन चालू कर पानी मटमैले पानी के स्त्रोत की जांच करने पहुंचे थे. लेकिन एक सप्ताह बीत जाने बाद भी लापरवाही के चलते 1500 कनेक्शन धारी मटमेला पानी पी रहे है. ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर गुरुवार फिर से जल निगम डिप्टी मैनेजर रवि यादव, सेक्शन इंजीनियर सुनील जाट एवं एलएनटी कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी इत्यादि के द्वारा उक्त जड़ तक पहुंचाने के लिए मुआयना किया. वहीं 2 दिनों में लाईन को चैक कर दुरूस्ती करने की बात कही थी.

उल्लेखनीय की 6 जनवरी 2025 को नगर के देवनारायण कॉलोनी में सबसे पहले कुंडलिया डैम परियोजना अंतर्गत शुद्ध जल की टेस्टिंग की थी. 1 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी अभी तक वार्ड के कई घरों में शुद्ध जल नहीं पहुंच रहा है. वहीं कहीं घरों में नल कनेक्शन कार्य अभी बाकी है. वहीं कहीं वार्डो में लीकेज समस्या अभी भी बरकरार है. साथ ही जो नल कनेक्शन धारी है उन्हें कुछ कम तो कुछ ज्यादा पानी मिल रहा है वही किसी के तो नल भी नहीं चल रहे हैं.



# समितियों ने एक स्वर में गाया : सब सुख लहै तुम्हारी सरना

## नगर की समस्त सुंदरकांड समितियों ने सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 15 जनवरी, सं.** नगर में हिंदू सम्मेलन को लेकर प्रतिदिन धार्मिक आयोजन का सिलसिला जारी है जिसमें प्रतिदिन प्रात: प्रभात फेरी नगर के विभिन्न धार्मिक स्थलों से निकालीं जा रही जिसमें युवा वर्ग सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होकर भगवान के संकीर्तन करते निकलते हैं. इसी कड़ी में बुधवार की रात्रि में सिदेश्वर महादेव मंदिर थाना परिसर के सामने नगर की समस्त सुंदरकांड समितियों द्वारा एकरूपता, सामाजिक समरसता, धार्मिकता से परिपूर्ण होकर भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जहां पर सुंदरकाण्ड के माध्यम से सबके मंगलमय जीवन के साथ सब सुखी रहें समग्र हिन्दू समाज एकता का परिचायक बनकर पारस्परिक सौहार्द से रहें. सर्वप्रथम हनुमान जी महाराज का पुजन करके शुरुआत की जहां पर सभी समितियों के सदस्यों के अलावा धर्मप्रेमी श्रद्धालु भक्तों ने विधि-विधान से सुंदरकांड के हर पांच दोहे पर भगवान के भजनों का पुट भजन कि कड़ी का सांझा करते हुए संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया. इस पुनीत अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्यों द्वारा विभिन्न झांकी सजाई तथा हनुमानजी का विशाल घोंटा सुंदरकांड स्थल पर रखा गया था जो श्रद्धालु भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर सुंदरकांड शोभायमान हो रहा था. इस दौरान आरती श्री बजरंग नवयुवक समिति के संयोजक पंडित श्यामसुंदर शर्मा ने की तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तहसील प्रचारक दीपक साहू ने सुंदरकांड की महत्ता प्रतिपादित करते हुए कहा कि 19 जनवरी को हिन्दू सम्मेलन में सभी भक्त शामिल होकर आगुंतक अतिथियों के अमृत वचनों का लाभ ले.

### टैम्पो चालकों के साथ नपाधिकारी को ज्ञापन दिया

**नवभारत न्यूज, सुठालिया 15 जनवरी, सं.** जिला कांग्रेस के महामंत्री एवं पूर्व नप उपाध्यक्ष श्याम पालीवाल के नेतृत्व में गुरुवार को टेंपो स्टैंड की मांग को लेकर टेंपो चालकों के साथ मुख्य नपाधिकारी ाी रईस खान को एक ज्ञापन दिया. मुख्य नपाधिकारी ने मौके पर ऑटो व लोडिंग वाहनों के चालकों को लेकर बस स्टैंड के समीप मधुसूदनगढ़ रोड पर शॉपिंग कांप्लेक्स के सामने फुटपाथ पर अस्थाई रूप से टेंपो खड़े करने का स्थान चिन्हित किया है. इस अवसर पर इंका नेता श्री पालीवाल एवं आटो यूनियन अध्यक्ष दशरथ सिंह राजपूत ने मुख्य नपाधिकारी से स्थाई समाधान करने की मांग की है.



# जिला मुख्यालय पर लड़खड़ाई पेयजल सप्लाई

## मोहनपुरा फिल्टर प्लांट की मोटर फुंकी, नगर में पेयजल सप्लाई बाधित

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 15 जनवरी, का. जिला मुख्यालय राजगढ़ में आधे से अधिक नगर में पेयजल सप्लाई लड़खड़ा गई है, ऐसा मोहनपुरा फिल्टर प्लांट पर मौजूद विद्युत मोटर के फुंकने से हुआ है.**

गौरतलब है कि राजगढ़ नगर में दो स्थानों से पेयजल सप्लाई होती है एक पुराने फिल्टर प्लांट तथा एक मोहनपुरा स्थित नवीन फिल्टर प्लांट से, जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह नवीन फिल्टर प्लांट पर स्थित 120 एचपी की विद्युत मोटर एकाएक फुंक गई, इसके बाद आधे से अधिक नगर की पेयजल सप्लाई ठप्प हो गई.

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम तक मोटर दुरस्त हो सकेगी तथा शनिवार की प्रात: से पेयजल सप्लाई बहाल हो सकेगी.

> मोहनपुरा फिल्टर प्लांट की विद्युत मोटर में खराबी के बाद मोटर को दुरस्त करवाया जा रहा है, 120 एचपी की विद्युत मोटर होने के चलते इसकी मरम्मत में समय लगता है, संभवत: आज मोटर दुरस्त होकर पेयजल सप्लाई सुचारु रुप से बहाल होगी.
>
> **पवन अवस्थी**
> **मुख्य नपाधिकारी, नपा राजगढ़**



# क्षिप्रा की नर्सरी और फॉरेस्ट का भ्रमण किया

## शासकीय विद्यालय गोघटपुर के विद्यार्थियों ने औद्योगिक भ्रमण किया

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 15 जनवरी, सं.** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोघटपुर की कक्षा 9वी एवं 11वी के आई टी एवं एग्रीकल्चर के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण कराया गया. जिसमें उज्जैन शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज तथा क्षिप्रा विहार नर्सरी फॉरेस्ट का भ्रमण दल ने वहां की व्यवस्था कार्य की गतिविधियों की जानकारी हासिल की. इस औद्योगिक भ्रमण मे 45 छात्र एवं 21 छात्राएं ने सहभागिता की. औद्योगिक भ्रमण के बाद विद्यार्थियों को तारामंडल, इस्कॉन मंदिर, वागेश्वरी माता मंदिर, रामघाट, क्षिप्रा नदी, बाबा महाकाल एवं महाकाल लोक दिखाया गया. विद्यालय प्राचार्य गोविन्द सिंह चौहान, जन शिक्षक प्रेम सिंह वर्मा, विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकाएं सरिता शर्मा, दीपिका राठौर, विष्णु प्रसाद जाटव, संतोष दांगी, रमेशचंद्र वर्मा, मिथिलेश भगत, पंकज पाटीदार, शिव सिंह विश्वकर्मा, रामेश्वर दांगी, राजेश माली, मुकेश कुमार दांगी सहित विद्यार्थी साथ थे.

# उज्ज्वल भविष्य की आशा से विदाई समारोह आयोजित




नवभारत न्यूज

**पचोर 15 जनवरी, सं.** स्थानीय संस्था लिटिल एंजल्स हा.से. स्कूल में कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों के द्वारा कक्षा 12वीं का विदाई समारोह आयोजन किया गया. कार्यक्रम में 12 वीं के सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह उपहार दिया गया. कार्यक्रम में बच्चो के द्वारा विद्यालय में बिताये अपने अनुभव साझा किए संस्था संरक्षक बृज भूषण मंगल द्वारा बच्चो को अथक परिश्रम करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा दी. अध्यक्ष दिलीप सिंह राठौर ने कहा कि सभी शिक्षक बच्चो को कुम्हार की तरह ही स्नेह से गढ़ते है आप सभी जीवन में आगे बढ़ो सफलता प्राप्त कर अपने गुरू, माता, पिता, नगर का नाम रोशन करो. उपाध्यक्ष मधु चौधरी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि बच्चों को प्रतिदिन 8 घंटे अध्ययन करना है. जिससे उन्हें परीक्षा परिणाम में शत प्रतिशत सफलता मिले. उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अरविन्द चौधरी द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी गई. सचिव प्रतिनिधि मनोज वैष्णव ने बच्चों से कहा कि उनके सभी सपने पूरे हो और सभी जीवन में आगे बढ़ें. कोषाध्यक्ष आरती हेमन्त गर्ग ने बच्चों को शुभकामनाएं दी कि वे आगे बड़े. संस्था प्राचार्य विष्णु प्रसाद राठौर द्वारा भी बच्चों को पूर्ण निष्ठा से परिश्रम करते हुए सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया. कार्यक्रम का संचालन संस्था के वरिष्ठ शिक्षक देवेन्द्र नागर के सानिध्य में दीपाली राठौर, चारूल साहू, वशिका राठौर, भूमिका जाटव, मयंक शाक्यवार, देवेश भाट, पलक उदावंत द्वारा किया गया.

**प्रेसवार्ता** प्रभारी मंत्री ने वीबी जी राम जी को लेकर पार्टी की ओर से अपनी स्थिति स्पष्ट की

# हमें गांधी से नहीं कांग्रेस को राम जी से दिक्कत

**योजना को प्रभावी और बेहतर बनाने के लिये सरकार ने कई प्रावधान किये**




नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 15 जनवरी, का. भाजपा ने महात्मागांधी का सदैव सम्मान किया है. भाजपा सरकार को गांधी जी से कभी कोई दिक्कत नहीं रही लेकिन कांग्रेस को रामजी से जरूर दिक्कत रही है. यही कारण है कि कांग्रेस वीबी जी राम जी को लेकर बेवजह हो हल्ला कर रही है.**

उपरोक्त बात जिला प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही. उन्होंने वीबी जी राम जी के संबंध में विस्तार से अपनी बात कहते हुए बताया कि उपरोक्त योजना में प्रभावी सुधार किया गया है. इससे पारदर्शिता बड़ेगी. जबकि पूर्व में ऐसा नहीं था. अब इसमें पूर्व की कमियों को समाप्त करते हुए प्रभावी मानीटिरिंग की व्यवस्था की गई है.

मजदूरों को 125 दिन काम की ग्यारंटी दी गई है. साथ ही बोवनी और फसल कटाई के 60 दिन काम बंद करने का प्रावधान किया गया है जिससे बोवनी व कटाई के दौरान मजदूरों की कमी न आए. जबकि मनरेगा में ऐसा कोई प्रावधान नहीं था.

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने कई योजनाओं का नाम गांधी परिवार के नाम से रख दिया. जबकि उनका योजनाओं से कोई वास्ता ही नहीं रहा.

पत्रकार वार्ता में जिला भाजपाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, विधायक मोहन शर्मा, हजारीलाल दांगी, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, पूर्व जिलाभाजपाध्यक्ष दिलवर यादव, भाजपा नेत्री मोना सुस्तानी, महामंत्री भाजपा देवीसिंह सौंधिया आदि मौजूद थे.

### दूषित पेयजल के प्रति प्रशासन सतर्क

प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप ने पत्रकारों के एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि पेयजल को लेकर प्रशासन सतर्क है. सभी निकायों को सावधानी बरतते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये है. उन्होंने कहा कि सभी निकायों को विशेष तौर पर बोला गया है कि इस विषय पर पूरी गंभीरता बरतते हुए पेयजल व्यवस्था की जाए. ब्यावरा नलों में गंदा पानी आने के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर भी उन्होंने कहा कि प्रशासन को व्यवस्था दुरूस्त करने का बोला है.

### फर्द बंटवारा में राशि मांगने की शिकायत पर पटवारी निलंबित

**खिलचीपुर 15 जनवरी, सं.** भूमि बटवारे के प्रकरण में फर्द बंटवारा हेतु राशि की मांग किए जाने की शिकायत पर ग्राम तलावड़ा निवासी शिकायतकर्ता मोहनलाल पिता देवीराम तंवर द्वारा भूमि सर्वे क्रमांक 3 सहित कुल 16 किता, कुल रकबा 5.891 हेक्टेयर भूमि के बंटवारे के संबंध में न्यायालय नायब तहसीलदार भोजपुर में बंटवारा प्रकरण क्रमांक 0115/अ-27/2025-26 प्रस्तुत किया गया है.

पटवारी ग्राम द्वारा फर्द बंटवारा हेतु राशि की मांग की जाने की शिकायत मय शपथ के पेश की गई है. उक्त संबंध में शिकायतकर्ता मोहनलाल एवं अन्य साक्षी कंवरलाल एवं धारासिंह के कथन अंकित किये गये है. वर्तमान में बंटवारा प्रकरण न्यायालय नायब तहसीलदार भोजपुर में प्रचलित है. पटवारी, ग्राम द्वारा आज दिनांक तक फर्द बंटवारा प्रकरण में रिपोर्ट पेश नहीं किये जाने के कारण प्रथम दृष्टया लापरवाही प्रतीत होने से संबंधित पटवारी देवेन्द्र मीणा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है. निलंबन में इनका मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय (राजस्व) खिलचीपुर में संलग्न किया गया है. नायब तहसीलदार भोजपुर को नोटिस जारी कर जवाब लेने की कार्यवाही की जा रही है.